# 2022
# हिन्दी

**समय :** तीन घण्टे 15 मिनट **पूर्णांक :** 70

**निर्देश :**

(i) प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न-पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।

(ii) प्रश्न-पत्र दो खण्डों 'अ' तथा 'ब' में विभाजित है।

(iii) प्रश्न-पत्र के खण्ड 'अ' में बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं जिसमें सही विकल्प का चयन करके O.M.R. शीट पर नीले अथवा काले बॉल प्वाइंट पेन से सही विकल्प वाले गोले को पूर्ण रूप से काला करें।

(iv) खण्ड 'अ' में बहु-विकल्पीय प्रश्न हेतु प्रत्येक प्रश्न के लिए 1 अंक निर्धारित है।

(v) प्रत्येक प्रश्न के सम्मुख उसके निर्धारित अंक दिये गये हैं।

## खण्ड – 'अ'
## (बहु-विकल्पीय प्रश्न)

1. (क) निम्नलिखित कथनों में से कोई एक कथन सही है, उसे पहचानकर लिखिए : **1**

(i) 'झूठा सच' के लेखक राम विलास शर्मा हैं।

(ii) 'आवारा मसीहा' एक उपन्यास है।

(iii) महादेवी वर्मा एक उपन्यास लेखिका हैं।

(iv) 'हंस' पत्रिका के सम्पादक मुंशी प्रेमचन्द हैं।

(ख) 'कलम का सिपाही' के रचनाकार हैं : **1**

(i) प्रेमचन्द (ii) हजारीप्रसाद द्विवेदी (iii) अमृत राय (iv) हरिवंश राय 'बच्चन'

(ग) निम्नलिखित में से किसी एक कृति के लेखक का नाम बताइए : **1**

(i) आषाढ़ का एक दिन (ii) क्या भूलूँ क्या याद करूँ (iii) रस मीमांसा (iv) संस्कृति के चार अध्याय

(घ) 'सूरज का सातवाँ घोड़ा' के लेखक का नाम लिखिए। **1**

(ङ) 'उसने कहा था' किस विधा की रचना है ? **1**

(i) उपन्यास (ii) यात्रावृत्त (iii) कहानी (iv) आलोचना

2. (क) रीतिबद्ध काव्यधारा के किन्हीं दो कवियों के नाम लिखिए। **1**

(ख) छायावाद की किन्हीं दो मुख्य विशेषताओं का उल्लेख कीजिए। **2**

(ग) 'प्रिय प्रवास' के रचनाकार का नाम लिखिए। **2**

# खण्ड – 'ब'

# (वर्णनात्मक प्रश्न)

3. निम्नांकित गद्यांशों में से किसी एक गद्यांश के नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **2 + 2 + 2 = 6**

कुसंग का ज्वर सबसे भयानक होता है। यह केवल नीति और सद्वृत्ति का ही नाश नहीं करता, बल्कि बुद्धि का भी क्षय करता है। किसी युवा पुरुष की संगति यदि बुरी होगी, तो वह उसके पैरों में बँधी चक्की के समान होगी, जो उसे दिन-दिन अवनति के गड्ढे में गिराती जायगी और यदि अच्छी होगी तो सहारा देनेवाली बाहु के समान होगी, जो उसे निरन्तर उन्नति की ओर उठाती जायगी।

(i) उपर्युक्त गद्यांश का सन्दर्भ लिखिए।

(ii) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(iii) उपर्युक्त गद्यांश में सत्संगति की क्या विशेषता बतायी गई है ?

**अथवा**

बुद्ध के जन्म की घटनाएँ तो इन चित्रित कथाओं में हैं ही, उनके पिछले जन्मों की कथाओं का भी इसमें चित्रण हुआ है। पिछले जन्म की ये कथाएँ 'जातक' कहलाती हैं। उनकी संख्या 555 है और इनका संग्रह 'जातक' नाम से प्रसिद्ध है, जिनका बौद्धों में बड़ा मान है।

इन पिछले जन्मों में बुद्ध ने गज, कपि, मृग आदि के रूप में विविध योनियों में जन्म लिया था और संसार के कल्याण के लिए दया और त्याग का आदर्श स्थापित करते वे बलिदान हो गये थे।

(i) उपर्युक्त गद्यांश का सन्दर्भ लिखिए।

(ii) रेखांकित अंशों की व्याख्या कीजिए।

(iii) जातक कथाएँ क्या हैं और इनमें किन योनियों के जन्म का वर्णन है ?

4. निम्नांकित पद्यांशों में से किसी एक की सन्दर्भ-सहित व्याख्या कीजिए तथा उसका काव्य-सौंदर्य भी स्पष्ट कीजिए : **1 + 4 + 1 = 6**

सीस जटा, उर बाहु बिसाल, विलोचन लाल, तिरीछी सी भौहें।
तून सरासन बान धरे, तुलसी बन-मारग में सुठि सोहैं।
सादर बारहिं बार सुभाय चितै तुम त्यों हमरों मन सोहैं।
पूछति ग्राम वधु सिय सों कहो साँवरे से, सखि रावरे को हैं ?

(i) उपर्युक्त पद्यांश का सन्दर्भ लिखिए।

(ii) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(iii) काव्य-सौंदर्य स्पष्ट कीजिए।

**अथवा**

सच्चा प्रेम वही है जिसकी तृप्ति आत्म-बलि पर हो निर्भर
त्याग बिना निष्प्राण प्रेम है, करो प्रेम पर प्राण निछावर
देश प्रेम वह पुण्य क्षेत्र है, अमल असीम त्याग से विलसित
आत्मा के विकास से जिसमें मनुष्यता होती है विकसित।

(i) उपर्युक्त पद्यांश का सन्दर्भ लिखिए।

(ii) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(iii) काव्य-सौंदर्य स्पष्ट कीजिए।

5. (क) निम्नलिखित लेखकों में से किसी एक लेखक का जीवन-परिचय दीजिए एवं उनकी किसी एक रचना का नाम लिखिए : **2 + 1 = 3**

(i) जयशंकर प्रसाद (ii) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद (iii) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल

(ख) निम्नलिखित कवियों में से किसी एक कवि का जीवन-परिचय दीजिए तथा उनकी किसी एक रचना का नाम लिखिए : **2 + 1 = 3**

(i) तुलसीदास (ii) सूरदास (iii) बिहारीलाल

6. निम्नलिखित संस्कृत-गद्यांश का सन्दर्भ सहित हिन्दी में अनुवाद कीजिए : **1 + 3 = 4**

अस्माकं संस्कृतिः सदा गतिशीला वर्तते। मानवजीवनं संस्कर्तुमेषा यथा समयं नवां नवां विचारधारां स्वीकरोति, नवां शक्ति च प्राप्नोति। अत्र दुराग्रहः नास्ति, यत् युक्तियुक्तं कल्याणकारि च तदत्र सहर्षं गृहीतं भवति।एतस्याः गतिशीलतायाः रहस्यं मानव-जीवनस्य शाश्वतमूल्येषु निहितम्, तद् यथा सत्यस्य प्रतिष्ठा, सर्वभूतेषु समभावः विचारेषु औदार्यम् आचारे दृढ़ता चेति।

**अथवा**

हतो वा प्राप्स्यसि स्वर्गं जित्वा वा भोक्ष्यसे महीम्।
तस्मादुत्तिष्ठ कौन्तेय युद्धाय कृतनिश्चयः।।

7. (क) अपनी पाठ्यपुस्तक में से कण्ठस्थ किया हुआ कोई एक श्लोक लिखिए जो इस प्रश्न-पत्र में न आया हो। **2**

(ख) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर संस्कृत में लिखिए : **1 + 1 = 2**

(i) कुत्र मरणं मङ्गलं भवति ?

(ii) पुरुराजः केन सह युद्धम् अकरोत् ?

(iii) ज्ञानं कुत्र सम्भवति ?

(iv) चन्द्रशेखरः कः आसीत् ?

8. (क) 'करुण' रस अथवा 'हास्य' रस का स्थायी भाव बताते हुए परिभाषा लिखिए। **2**

(ख) 'उपमा' अलंकार अथवा 'रूपक' अलंकार की परिभाषा देते हुए एक उदाहरण भी दीजिए। **2**

(ग) 'रोला' छन्द अथवा 'सोरठा' छन्द की परिभाषा देते हुए उदाहरण बताइये। **2**

9. (क) निम्नलिखित उपसर्गों में से किन्हीं तीन के मेल से एक-एक शब्द बनाइए : **1+1+1=3**

(i) अन (ii) उप (iii) सु (iv) अभि (v) अधि (vi) सह

(ख) निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रत्ययों के प्रयोग से एक-एक शब्द बनाइए : **1+1=2**

(i) आई (ii) ता (iii) हट (iv) वट

(ग) निम्नलिखित में से किन्हीं दो के समास-विग्रह कीजिए तथा समास का नाम भी लिखिए : **1+1=2**

(i) उत्थान-पतन (ii) चौराहा (iii) जीवन-मरण (iv) त्रिभुज

(घ) निम्नलिखित में से किन्हीं दो शब्दों के तत्सम रूप लिखिए : **1+1=2**

(i) धुएँ (ii) तालाब (iii) जेठ (iv) आग

(ङ) निम्नलिखित में से किन्हीं दो शब्दों के दो-दो पर्यायवाची लिखिए : **1+1=2**

(i) बादल (ii) पुत्री (iii) गणेश (iv) कमल

10. (क) निम्नलिखित में से किन्हीं दो में सन्धि-विच्छेद कीजिए और सन्धि का नाम बताइये : **1+1=2**

(i) प्रत्येक (ii) स्वागतम् (iii) तथैव (iv) पित्राज्ञा

(ख) निम्नलिखित शब्दों में से किसी एक शब्द का पंचमी विभक्ति एवं बहुवचन का रूप लिखिए : **1+1=2**

(i) 'मधु' अथवा 'नदी' (ii) 'फल' अथवा 'मति'

(ग) निम्नलिखित शब्दों में से किसी एक के धातु, लकार, पुरुष तथा वचन का उल्लेख कीजिए : **2**

(i) अपठाम् (ii) हसत (iii) पठतः (iv) हसेत्

(घ) निम्नलिखित में से किन्हीं दो वाक्यों का संस्कृत में अनुवाद कीजिए : **1+1=2**

(i) राम घर जाता है। (ii) विद्या विनय देती है। (iii) वह किताब पढ़ती है। (iv) वाराणसी एक प्रसिद्ध धार्मिक नगरी है। (v) यमुना के तट पर एक गाँव था।

11. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबन्ध लिखिए : **6**

(i) आतंकवाद की समस्या (ii) जनसंख्या-नियंत्रण (iii) पर्यावरण-प्रदूषण (iv) मेरा प्रिय कवि

12. अपने पठित खण्डकाव्य के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक का उत्तर दीजिए : **3**

(क) (i) 'मुक्ति दूत' खण्डकाव्य के आधार पर गाँधीजी की चारित्रिक विशेषताओं का वर्णन कीजिए। (ii) 'मुक्ति दूत' के तृतीय सर्ग का सारांश अपने शब्दों में लिखिए।

(ख) (i) 'अग्रपूजा' खण्डकाव्य के आधार पर उसके नायक की चारित्रिक विशेषताओं का अंकन कीजिए। (ii) 'अग्रपूजा' खण्डकाव्य के किसी एक सर्ग की कथावस्तु संक्षेप में लिखिए।

(ग) (i) 'ज्योति जवाहर' खण्डकाव्य की कथा संक्षेप में लिखिए। (ii) 'ज्योति जवाहर' खण्डकाव्य के आधार पर जवाहरलाल नेहरू की चारित्रिक विशेषताएँ संक्षेप में लिखिए।

(घ) (i) 'मेवाड़ मुकुट' के नायक का चरित्र-चित्रण कीजिए। (ii) 'मेवाड़ मुकुट' खण्डकाव्य के आधार पर उसके चौथे सर्ग का कथानक संक्षेप में लिखिए।

(ङ) (i) 'जय सुभाष' खण्डकाव्य के आधार पर उसके नायक का चरित्र-चित्रण कीजिए। (ii) 'जय सुभाष' खण्डकाव्य के प्रथम सर्ग का कथानक संक्षेप में लिखिए।

(च) (i) 'मातृभूमि के लिए' खण्डकाव्य के 'संकल्प' सर्ग का सारांश लिखिए। (ii) 'मातृभूमि के लिए' खण्डकाव्य के आधार पर चन्द्रशेखर 'आजाद' का चरित्र-चित्रण कीजिए।

(छ) (i) 'कर्ण' खण्डकाव्य के 'सभा में द्रौपदी' सर्ग का सारांश लिखिए। (ii) 'कर्ण' खण्डकाव्य के आधार पर श्रीकृष्ण का चरित्र-चित्रण कीजिए।

(ज) (i) 'कर्मवीर भरत' खण्डकाव्य के आधार पर कैकेयी का चरित्र चित्रण कीजिए। (ii) 'कर्मवीर भरत' खण्डकाव्य के 'आगमन' सर्ग की कथावस्तु लिखिए।

(झ) (i) 'तुमुल' खण्डकाव्य के आधार पर लक्ष्मणा का चरित्र-चित्रण कीजिए। (ii) 'तुमुल' खण्डकाव्य के 'राम-मिलाप और सौमित्र का उपचार' सर्ग की कथा संक्षेप में लिखिए।